Assistant Professor (College Edu. Deptt.) Exam-2025

परीक्षा दिनांक - 12/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या | : | 48 |
| Number of Pages in Booklet | : | 48 |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या | : | 150 |
| No. of Questions in Booklet | : | 150 |

# CAP-25

**इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

915361

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

**Paper Code : 20**

**Paper – II**
**Sub : Law-II**

**समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

**प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं।**
- **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10.* **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।
13. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. सर्वोच्च न्यायालय ने मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए क्षतिपूर्ति निम्न में से किस वाद में प्रदान की थी ?
(1) ए.पी.एस.आर.टी.सी. बनाम श्रीधर राव
(2) दिल्ली नगर-निगम बनाम सुभागवंती
(3) साहेली बनाम पुलिस आयुक्त, दिल्ली
(4) जयलक्ष्मी सॉल्ट वर्क्स बनाम गुजरात राज्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. कौन सा वाद सांविधिक कर्त्तव्यों में अपकृत्य की संकल्पना से संबंधित है ?
(1) भारत संघ बनाम सुगराबाई
(2) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य
(3) कस्तुरीलाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(4) नन्दराम हीरालाल बनाम भारत संघ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. 'सामूहिक सेवा का सिद्धांत' संबंधित है
(1) प्रतिनिधिक दायित्व से
(2) उपेक्षा से
(3) उपताप से
(4) कठोर दायित्व से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. बर्ड बनाम जोन्स (1845) में, न्यायालय ने माना कि
(1) आंशिक बाधा मिथ्या कारावास के बराबर है।
(2) आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध आवश्यक है।
(3) कारावास शारीरिक होना चाहिए, मनोवैज्ञानिक नहीं।
(4) दायित्व के लिए द्वेष आवश्यक है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. The Supreme Court awarded compensation for violation of fundamental rights in
(1) APSRTC v. Sridhar Rao
(2) Municipal Corporation Delhi v. Subhagwanti
(3) Saheli v. Commissioner of Police, Delhi
(4) Jay Laxmi Salt Works v. State of Gujarat
(5) Question not attempted

2. Which case is related to the concept of tort in statutory duties ?
(1) Union of India v. Sugrabai
(2) A.K. Gopalan v. State of Madras
(3) Kasturi Lal v. State of Uttar Pradesh
(4) Nandram Heeralal v. Union of India
(5) Question not attempted

3. 'The principle of collective service' is related to
(1) Vicarious liability
(2) Negligence
(3) Nuisance
(4) Strict liability
(5) Question not attempted

4. In Bird v. Jones (1845), the court held that –
(1) Partial obstruction amounts to false imprisonment.
(2) Total restraint of movement is essential.
(3) Imprisonment must be physical, not psychological.
(4) Malice is essential for liability.
(5) Question not attempted

5. "अपकृत्य विधि के अन्तर्गत आवश्यकता एक उचित प्रतिरक्षा है, जो किसी व्यक्ति को इस आधार पर दायित्व से बचने में सक्षम बनाती है कि शिकायत किया गया कार्य स्वयं को अधिक नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक है।" सर्वोच्च न्यायालय ने संप्रेक्षण किया

(1) नगर-निगम, दिल्ली बनाम गुरनाम कौर, 1989 में
(2) महाराष्ट्र एकता हॉकर संघ बनाम नगर-निगम, ग्रेटर मुंबई, 2004 में
(3) अहमदाबाद नगर-निगम बनाम नवाब खान गुलाब खान, 1997 में
(4) ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे नगर-निगम, 1985 में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. किसने कहा कि, "उपेक्षा सावधानी बरतने के विधिक कर्त्तव्य का अतिलंघन है जिसके परिणामस्वरूप वादी को क्षति पहुँचती है, किंतु जो प्रतिवादी द्वारा इच्छित नहीं होती ?"

(1) सामण्ड (2) विनफील्ड
(3) पोलक (4) लॉर्ड राइट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(1) वूलरिज बनाम समनर – वोलेन्टाइ नान-फिट इन्जुरिया
(2) बर्ड बनाम होलब्रुक – वादी दोषकर्ता
(3) स्टेनले बनाम पोवेल – अवश्यंभावी दुर्घटना
(4) कोप बनाम शार्प – दैव कृत्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. "Under the law of torts, necessity is a plausible defence, which enables a person to escape liability on the ground that the act complained of are necessary to prevent greater damage to himself." Supreme Court observed in –

(1) Municipal Corporation, Delhi versus Gurnam Kaur, 1989
(2) Maharashtra Ekta Howkar Union versus Municipal Corporation, Greater Mumbai, 2004
(3) Ahmedabad Municipal Corporation versus Nawab Khan Gulab Khan, 1997
(4) Olga Tellis versus Bombay Municipal Corporation, 1985
(5) Question not attempted

6. Who said that, "Negligence is the breach of legal duty to take care which results in damage, undesired by the defendent to the plaintiff" ?

(1) Salmond (2) Winfield
(3) Pollock (4) Lord Wright
(5) Question not attempted

7. Which of the following is not correctly matched ?

(1) Woolridge v. Sumner – Volenti non fit injuria
(2) Bird v. Holbrook – Plaintiff the wrongdoer
(3) Stanley v. Powell – Inevitable accident
(4) Cope v. Sharpe – Act of God
(5) Question not attempted

8. 'A' द्वारा हवा में गोली चलाते समय पिस्तौल की गोली घर में बैठे व्यक्ति को घायल कर देती है। निम्नलिखित में से कौन सा प्रयोज्य होगा ?

(1) योगदायी उपेक्षा

(2) घटना स्वयं प्रमाण

(3) अंतिम अवसर का सिद्धांत

(4) अवश्यंभावी दुर्घटना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. बोलम परीक्षण निम्न से संबंधित है :

(1) चिकित्सीय उपेक्षा में देखरेख का मानक

(2) औद्योगिक दुर्घटनाओं में देखरेख का मानक

(3) सार्वजनिक प्राधिकरणों के लिए देखरेख का मानक

(4) कठोर दायित्व

(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. कथन (A) : अवश्यंभावी दुर्घटना की प्रतिरक्षा तब सफल हो सकती है जब उपेक्षा सिद्ध हो जाए।

कारण (R) : अवश्यंभावी दुर्घटना वह होती है जिसे समुचित सावधानी और कौशल के प्रयोग से भी टाला नहीं जा सकता।

विकल्प :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(4) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. 'A' while firing a bullet in the air, the bullet of the pistol injures a person sitting in the house, which among the following will be applicable ?

(1) Contributory negligence

(2) Res ipsa loquitur

(3) The principle of last opportunity

(4) Inevitable accident

(5) Question not attempted

9. The Bolam Test relates to :

(1) Standard of care in medical negligence

(2) Standard of care in industrial accidents

(3) Standard of care for public authorities

(4) Strict liability

(5) Question not attempted

10. Assertion (A) : The defence of inevitable accident can succeed when negligence is proved.

Reason (R) : An inevitable accident is one which could not have been avoided by exercise of reasonable care and skill.

Option :

(1) Both (A) and (R) are true, and (R) is correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

(5) Question not attempted

11. निम्नलिखित में से किस वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की कि "अनुबंध से उत्पन्न मामलों में साम्या हस्तक्षेप करती है और अपकृत्य उस पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है तथा प्रतिवादी पर वादी के प्रति किए गए कर्त्तव्य के उल्लंघन के लिए अपरिमेय क्षतिपूर्ति का दायित्व आरोपित करता है" ?

(1) मंजू भाटिया बनाम नई दिल्ली नगर परिषद
(2) जयलक्ष्मी सॉल्ट वर्क्स बनाम गुजरात राज्य
(3) राजस्थान राज्य बनाम विद्यावती
(4) कस्तुरीलाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. साविधिक अधिकार की प्रतिरक्षा तब सफल होगी जब

(1) संविधि ने अधिकार प्रदान किया हो परंतु कर्त्तव्य न सौंपा हो।
(2) जिस कार्य की शिकायत की गई है वह संविधि द्वारा अधिकृत हो तथा वह बिना उपेक्षा के किया गया हो।
(3) प्राधिकारी ने अपने सांविधिक अधिकारों से आधिक्य में कार्य किया हो।
(4) संविधि ने प्रतिकर की व्यवस्था प्रदान की हो।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. ______ ने 1998 में डोनोग्यू बनाम स्टीवेन्सन मामले में लॉर्ड एटकिन के आधारभूत भाषण का उल्लेख करते हुए टिप्पणी की थी कि, देखभाल के कर्त्तव्य पर अधिकार की आधुनिक प्रचुरता... लॉर्ड एटकिन को अधिक बुद्धिमान नहीं बनाएगी। (रिक्त स्थान भरें)

(1) प्रीस्टली जे ए (2) स्टेपलटन जे
(3) लॉर्ड ओलिवर (4) ब्रेट एम.आर.
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. In which of the following cases, the Supreme Court remarked that "in cases arising out of contract equity steps in and tort takes over and imposes liability upon defendant for unquantified damages for the breach of duty owed by the defendant to the plaintiff" ?

(1) Manju Bhatia (Mrs.) v. New Delhi Municipal Council
(2) Jay Laxmi Salt Works v. State of Gujarat
(3) State of Rajasthan v. Vidhyawati
(4) Kasturi Lal v. State of Uttar Pradesh
(5) Question not attempted

12. The defence of statutory authority will succeed when –

(1) The statute confers power but not the duty.
(2) The act complained of is authorized by statute and has been done without negligence.
(3) The authority exceeded the statutory powers.
(4) The statute provides compensation mechanism.
(5) Question not attempted

13. ______ in 1998, having referred to the foundational speech of Lord Atkin in Donoghue versus Stevenson, remarked that, the modern abundance of authority on the duty of Care... would not make Lord Atkin much wiser. (Fill in the blank)

(1) Priestley J.A. (2) Stapleton J.
(3) Lord Oliver (4) Brett M.R.
(5) Question not attempted

14. अपकृत्य विधि के अंतर्गत प्राइवेट उपताप के दावे में दावाकर्त्ता को निम्नलिखित में से क्या सिद्ध करना आवश्यक होता है ?

(1) केवल यह कि प्रतिवादी का हानि पहुँचाने का आशय था ।
(2) यह कि प्रतिवादी के कृत्य से भूमि के उपभोग में अवैध हस्तक्षेप हुआ, जिससे सारभूत हानि या असुविधा हुई ।
(3) यह कि प्रतिवादी ने केवल भूमि पर अतिचार किया था ।
(4) यह कि प्रतिवादी उपेक्षापूर्ण था ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. किसने कहा कि, "यदि कोई व्यक्ति स्वयं अपनी असावधानी से अपने को खतरे की स्थिति में डालता है जो उसके रक्षण का आमंत्रण देता हो तो वह व्यक्ति विधि के अन्तर्गत उस व्यक्ति की क्षति के प्रति उत्तरदायी होगा जिसने उसका रक्षण किया है और ऐसे रक्षण को उस व्यक्ति ने पूर्व कल्पित किया हो" ?

(1) न्यायाधीश बैरी
(2) न्यायाधीश एल. स्कॉट
(3) न्यायाधीश ग्रिअर
(4) न्यायाधीश एटकिन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. जब बस के परिचालक ने बस चलाई जबकि चालक उसके बगल में बैठा हुआ था और परिचालक से दुर्घटना हुई जिससे वादी क्षतिग्रस्त हो गया, तो स्वामी –

(1) चालक की उपेक्षा के लिए उत्तरदायी होगा ।
(2) उत्तरदायी नहीं होगा ।
(3) परिचालक की उपेक्षा के लिए प्रतिनिधिक रूप से उत्तरदायी होगा ।
(4) उत्तरदायी नहीं होगा, क्योंकि परिचालक स्वामी के अधीन कार्य नहीं कर रहा था ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. In private nuisance claims under law of torts the claimant is required to prove :

(1) Only that defendant intended harm.
(2) An unlawful interference with use or enjoyment of land causing substantial damage or inconvenience.
(3) That the defendant trespassed the land only.
(4) That the defendant was negligent.
(5) Question not attempted

15. Who said that, "If a person, though his own negligence, place himself in a position of danger which invites his rescue, he shall be liable under the law for the injury caused by the person who rescued him and such rescue was forseen by that person" ?

(1) Justice Berry
(2) Justice L. Scott
(3) Justice Griyer
(4) Justice Atkin
(5) Question not attempted

16. Where the conductor drove the bus while the driver kept seated by the side and conductor caused accident and injured plaintiff. The master would be –

(1) liable for the negligence of the driver.
(2) not liable.
(3) vicariously liable for the negligence of the conductor.
(4) not liable as conductor was not acting under the master.
(5) Question not attempted

17. किसने कहा कि, "न्यूसेंस किसी व्यक्ति के भूमि के उपयोग या उस पर या उससे संबंधित किसी अधिकार के हस्तक्षेप को कहते हैं" ?

(1) एल. स्कॉट (2) स्टीफेन
(3) सामण्ड (4) विनफील्ड
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. किसने कहा कि, "दैवी कृत्य अपरिहार्य घटना की अपेक्षा अधिक प्राचीन, अधिक बोधगम्य तथा सरल है" ?

(1) सामण्ड (2) विनफील्ड
(3) सर जेम्स स्टीफेन (4) एल.जे. बोवेन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. वक्रोक्ति का अर्थ है

(1) जब किसी कथन का स्वाभाविक और साधारण अर्थ मानहानिकारक हो ।
(2) जब किसी कथन का स्वाभाविक और साधारण अर्थ मानहानिकारक नहीं होता, लेकिन उसका गुप्त/प्रच्छन्न अर्थ कथन को मानहानिकारक बना देता है ।
(3) एक प्रकाशित कथन जो मानहानिकारक है ।
(4) एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक अप्रकाशित मानहानिकारक कथन ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. निम्न में से कौन सा वाद योगदायी उपेक्षा के अंतर्गत अंतिम अवसर के नियम की व्याख्या करता है ?

(1) डेविस बनाम मान
(2) हार्वे बनाम रोड हालेज
(3) हेरिस बनाम टोरंटो ट्रांसिट कमिशन
(4) जैकब मैथ्यू बनाम पंजाब राज्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. Who said that, "Nuisance is any interference with a person's use of land or with any right over or relating to it" ?

(1) L. Scott (2) Stephen
(3) Salmond (4) Winfield
(5) Question not attempted

18. Who said that, "Divine action (act of God) is more ancient, more understandable and simpler than inevitable event" ?

(1) Salmond
(2) Winfield
(3) Sir James Stephen
(4) L.J. Bowen
(5) Question not attempted

19. Innuendo means :

(1) When the natural and ordinary meaning of a statement is defamatory.
(2) When the natural and ordinary meaning of a statement is not defamatory, but its latent meaning makes the statement defamatory.
(3) A published statement which is defamatory.
(4) An unpublished defamatory statement by an unknown person.
(5) Question not attempted

20. Which of the following cases explains the last opportunity rule in contributory negligence ?

(1) Davies v. Mann
(2) Harvey v. Road Hales
(3) Harris v. Toronto Transit Commission
(4) Jacob Mathew v. State of Punjab
(5) Question not attempted

21. जब एक स्पोर्ट्स कार का स्वामी विदेश में था, तो उसके छोटे भाई ने उसकी जानकारी या अनुमति के बिना कार ले ली और दुर्घटना कर दी । किसे उत्तरदायी ठहराया जाएगा ?

(1) छोटे भाई को स्पोर्ट्स कार के स्वामी का एजेंट नहीं माना जा सकता और वह दुर्घटना के लिए प्रतिनिधिक रूप से उत्तरदायी नहीं हो सकता ।

(2) छोटे भाई को स्पोर्ट्स कार के मालिक का एजेंट माना जाएगा और वह दुर्घटना के लिए प्रतिनिधिक रूप से उत्तरदायी हो सकता है ।

(3) उनके पिता, यदि उन्हें जानकारी है और अनुमति दी है, तो उत्तरदायी होंगे ।

(4) (2) एवं (3) दोनों

(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की थी :

"हालाँकि, यह नहीं समझा जा सकता कि कानून बनाते समय यह माना जाना चाहिए कि अपकृत्य दायित्व के प्रत्येक मामले में मुकदमे का सहारा लिया जाना चाहिए । जब प्रत्यक्षत: उपेक्षा हो और अनुच्छेद 21 का उल्लंघन हो, तो यह नहीं कहा जा सकता कि संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत कार्यवाही करने पर कोई रोक होगी" ?

(1) राजस्थान राज्य ब. विद्यावती (1962)

(2) एन. नागेंद्र राव एंड कं. ब. आंध्र प्रदेश राज्य (1994)

(3) रुदल शाह ब. भारत संघ (1983)

(4) विधिक सहायता समिति ब. बिहार राज्य (1991)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. While the owner of a sports car was in abroad, his younger brother took the car without his knowledge or permission and caused the accident. Who would be held liable ?

(1) Younger brother could not be deemed to be the agent of the owner of the sports car and later could not be vicariously liable for the accident.

(2) Younger brother be deemed an agent of the owner of the sports car and later could be vicariously liable for the accident.

(3) Father of them, if having knowledge and given permission would be liable.

(4) (2) and (3) both

(5) Question not attempted

22. In which of the following case the Supreme Court observed :

"However it cannot be understood as laying a law that in every case of tortious liability recourse must be had to a suit. When there is negligence on the face of it and infringement of Article 21 is there, it cannot be said that there will be any bar to proceed under Article 226 of the Constitution" ?

(1) State of Rajasthan v. Vidhyawati (1962)

(2) N. Nagendra Rao & Co. v. State of Andhra Pradesh (1994)

(3) Rudul Shah v. Union of India (1983)

(4) Legal Aid Committee v. State of Bihar (1991)

(5) Question not attempted

23. जहाँ कई संयुक्त स्वामी संयुक्त स्थिति में हों और उनमें से कोई भी बेईमानी से अनन्य कब्जा ग्रहण कर लेता है, तो वह निम्नलिखित का दोषी होगा :

(1) आपराधिक दुर्विनियोग

(2) आपराधिक न्यासभंग

(3) चोरी

(4) बेईमानी से दुर्विनियोग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प "डी मीनीमस् नॉन क्यूरेट लेक्स" के सिद्धान्त को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है ?

(1) विधि प्रत्येक कार्य, चाहे कितना भी छोटा हो, दण्डनीय मानती है ।

(2) विधि तुच्छ या नगण्य मामलों को नज़रअन्दाज करती है ।

(3) विधि केवल आर्थिक हितों की रक्षा करती है ।

(4) विधि सभी गलतियों को समान मानती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. नन्कानू बनाम यू.पी. राज्य (2016) 3 एस.सी.सी. 317 के वाद में ________ ने यह उद्धृत किया कि "विवियन बोस जे. का प्रेक्षण लोकस क्लासिक्स (Locus classicus) बन चुका है । विरसा सिंह वाद (1958) में प्रतिपादित परीक्षण की प्रयोज्यता भा.द.स. की धारा 300 (3) वर्तमान बी.एन.एस. की धारा 101(ग) के लिए हमारी विधिक प्रणाली में व्याप्त हो गया है और विधि के नियम का भाग बन चुका है ।"

(1) आर. भानुमति जे. (2) खेहर जे.

(3) रमन्ना जे. (4) कुरियन जोसेफ जे.

(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. Where there are several joint owners in joint position, and any of them dishonestly takes exclusive possession, he will be guilty of :

(1) Criminal Misappropriation

(2) Criminal Breach of Trust

(3) Theft

(4) Dishonest Misappropriation

(5) Question not attempted

24. Which of the following best reflects the principle of 'de minimis non curat lex' ?

(1) The law considers every act, however small as punishable

(2) The law ignores trivial or insignificant matters

(3) The law protects only monetary interests

(4) The law treats all wrongs equally.

(5) Question not attempted

25. In Nankaunoo v. State of U.P. (2016) 3 SCC 317, it was quoted by ________ J. that "Observations of Vivian Bose J. have become locus classicus. The test laid down in Virsa Singh case (1958) for the applicability of clause thirdly [Section 300(3) of I.P.C. – now 101(C) B.N.S.] is now ingrained in our legal system and has become part of rule of law".

(1) R. Bhanumati J.

(2) Khehar J.

(3) Ramanna J.

(4) Kurian Joseph J.

(5) Question not attempted

26. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67C के तहत, मध्यस्थों (इन्टरमिडीएरीज) के द्वारा सूचना को परिरक्षित एवं रखने हेतु कानून द्वारा निर्धारित न्यूनतम अवधि कितनी है ?

(1) 30 दिन
(2) 90 दिन
(3) 180 दिन
(4) केंद्र सरकार द्वारा विहित अवधि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. पता लगाएँ कि इस दृष्टांत में कौन सा अपराध किया गया है – "कोई व्यक्ति जो जानबूझकर किसी विकार, बीमारी या शारीरिक दुर्बलता से ग्रस्त किसी अन्य व्यक्ति को शारीरिक क्षति पहुँचाता है और इस प्रकार उस व्यक्ति की मृत्यु को त्वरित कर देता है" ?

(1) हत्या की श्रेणी में न आने वाला आपराधिक मानववध
(2) हत्या की श्रेणी में आने वाला आपराधिक मानववध
(3) न तो मानववध न ही हत्या
(4) केवल गंभीर चोट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66D के तहत दंडनीय है ?

(1) मार्केटिंग के लिए स्पैम ईमेल भेजना ।
(2) किसी व्यक्ति से छल करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिरूपण करना ।
(3) बिना अनुमति के सार्वजनिक वाई-फ़ाई नेटवर्क एक्सेस करना ।
(4) टोरेंट साइटों से पायरेटेड फ़िल्में डाउनलोड करना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. Under Section 67C of The Information Technology Act, 2000, what is the minimum duration for which intermediaries must preserve and retain information as mandated by law ?

(1) 30 days
(2) 90 days
(3) 180 days
(4) Period prescribed by the Central Government
(5) Question not attempted

27. Find out which offence is committed in the illustration- "A person who causes bodily injury knowingly to another who is labouring under a disorder, disease or bodily infirmity, and thereby accelerates the death of that other" ?

(1) Culpable Homicide not amounting to Murder
(2) Culpable Homicide amounting to Murder
(3) Neither Culpable Homicide nor Murder
(4) Only Grievous Hurt
(5) Question not attempted

28. Which of the following acts is punishable under Section 66D of The Information Technology Act, 2000 ?

(1) Sending spam emails for marketing.
(2) Impersonating another person via electronic communication to cheat.
(3) Accessing a public Wi-Fi network without permission.
(4) Downloading pirated movies from torrent sites.
(5) Question not attempted

**29.** बी.एन.एस. 2023 के अन्तर्गत मत्तता को प्रतिरक्षा के रूप में स्वीकार करने के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) स्वैच्छिक मत्तता हमेशा एक प्रतिरक्षा है ।

(2) अनैच्छिक मत्तता एक प्रतिरक्षा है यदि यह अभियुक्त को कृत्य की प्रकृति को जानने में असमर्थ बना देता है ।

(3) मत्तता सभी अपराधों में मेन्स रिया को नकार देती है ।

(4) स्वैच्छिक मत्तता सभी बी.एन.एस. अपराधों के लिए एक आंशिक प्रतिरक्षा है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**30.** ज्ञात करें कि निम्नलिखित में से कौन सा कथन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'दिल्ली घरेलू कामकाजी महिला मंच बनाम भारत संघ' मामले में दिए गए उल्लिखित पैरामीटर में शामिल नहीं है, जिसमें बलात्कार पीड़ितों की कठिनाइयों और वर्तमान आपराधिक कानून व्यवस्था की खामियों पर प्रकाश डाला गया है ।

(1) बलात्कार के विचारण में, जहाँ तक आवश्यक हो, पीड़ितों की गुमनामी बनाए रखी जानी चाहिए ।

(2) पुलिस का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वह पीड़िता से कोई भी प्रश्न पूछे जाने से पहले उसे उसके प्रतिनिधित्व के अधिकार के बारे में सूचित करें ।

(3) पीड़िता द्वारा आवेदन करने पर, पुलिस द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार (कनविनिइण्ट मूवमेण्ट) वकील की नियुक्ति की जाएगी ।

(4) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 38(1) में निहित नीति निर्देशक सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, आपराधिक क्षति प्रतिकर बोर्ड का गठन आवश्यक है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**29.** Which of the following is true about intoxication as a defence under B.N.S. 2023 ?

(1) Voluntary intoxication is always a defense.

(2) Involuntary intoxication is a defense if it renders the accused incapable of knowing the nature of the act.

(3) Intoxication negates mens rea in all offences.

(4) Voluntary intoxication is a partial defense to all B.N.S. offences.

(5) Question not attempted

**30.** Find out which of the following statement is **NOT** outlined parameter as given under 'Delhi Domestic Working Woman's Forum v. Union of India' by the Supreme Court, highlighting ordeals of victims of rape and defects in the present criminal law system.

(1) In Rape trial, anonymity of the victims must be maintained as far as necessary.

(2) The police should be under a duty to inform the victim of her right to representation before any question were asked to her.

(3) The advocate shall be appointed by the police upon application by the victim at their convenient movement.

(4) It is necessary, having regard to the directive principles contained under Article 38(1) of the Indian Constitution to set up criminal injuries, compensation board.

(5) Question not attempted

31. किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने माना था कि सामान्य आशय उसी क्षण (सपर ऑफ द मूमेण्ट) में विकसित हो सकता है ?
(1) शिव प्रसाद भोरे बनाम असम राज्य (2007) 3 एस.सी.सी. 120
(2) सुरेन्द्र चौहान बनाम मध्य प्रदेश राज्य ए.आई.आर. 2000 सुप्रीम कोर्ट 1436
(3) रामास्वामी अयंगर बनाम तमिलनाडु राज्य (1976) 3 एस.सी.सी. 779
(4) राजेश गोविन्द जागेश बनाम महाराष्ट्र राज्य (1999) 8 एस.सी.सी. 428
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. विरसा सिंह बनाम पंजाब राज्य, 1958 में, न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 300 के खण्ड "तृतीय" के बारे में (धारा 101(ग) बी.एन.एस., 2023) कौन सा आवश्यक तत्त्व स्पष्ट किया ?
(1) केवल मृत्यु कारित करने का आशय
(2) बिना आशय के मृत्यु की संभावना का ज्ञान
(3) विशिष्ट शारीरिक क्षति कारित करने का आशय जो प्रकृति के साधारण अनुक्रम में मृत्यु कारित करने के लिए पर्याप्त हो ।
(4) हत्या करने का हेतुक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 78 के अनुसार कोई पुरुष 'पीछा करना' का अपराध कब करता है ?
(1) जब वह किसी महिला का बार-बार पीछा करता है एवं सम्पर्क करता है जबकि महिला ने अनिच्छा उपदर्शित की हो ।
(2) जब वह अश्लील टिप्पणियाँ करता है ।
(3) जब वह महिला को निर्वस्त्र करने के लिए बल का प्रयोग करता है ।
(4) जब वह गुमनाम पत्र भेजता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. In which case it was held by Supreme Court that common intention can be developed in a spur of the moment?
(1) Sheo Prasad Bhore v. State of Assam (2007) 3 SCC 120
(2) Surender Chauhan v. State of Madhya Pradesh AIR 2000 SC 1436
(3) Ramaswamy Ayengar v. State of Tamilnadu (1976) 3 SCC 779
(4) Rajesh Govind Jagesh v. State of Maharashtra (1999) 8 SCC 428
(5) Question not attempted

32. In Virsa Singh v. State of Punjab, 1958, the Court clarified which essential ingredient under Section 300 "Thirdly" of Indian Penal Code (Section 101 (C) of B.N.S., 2023) ?
(1) Intention to cause death only.
(2) Knowledge of likelihood of death without intention.
(3) Intention to inflict a particular bodily injury sufficient in ordinary course of nature to cause death.
(4) Motive to commit murder.
(5) Question not attempted

33. As per Sec. 78 of B.N.S. 2023, a man commits stalking if he
(1) follows and contacts a woman repeatedly despite her disinterest
(2) makes sexually coloured remarks
(3) uses criminal forces to disrobe a woman
(4) sends anonymous letters
(5) Question not attempted

**34.** किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने दोहराया है कि "दहेज हत्या में किसी विशिष्ट भूमिका और ऐसी भूमिका का समर्थन करने वाले किसी भी साक्ष्य के अभाव में केवल दूर के रिश्तेदारों का नाम लेना उन्हें बुलाने के लिए पर्याप्त नहीं है" ?

(1) मोनजू रॉय बनाम पश्चिम बंगाल राज्य, 2015
(2) पंजाब राज्य बनाम गुरमीत सिंह, 2014
(3) यू. सुवेथा बनाम राज्य, 2009
(4) कुलजीत सिंह बनाम पंजाब राज्य, 2022
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35.** बलात्कार के अपराध में, 'इच्छा' और 'सहमति' शब्द अकसर एक साथ मिलते हैं । 'इच्छा के विरुद्ध' किए गए कार्य को 'बिना सहमति' से किया गया कार्य कहा जा सकता है – यह विचार इस मामले में दिया गया था :

(1) दिलीप सिंह @ दिलीप कुमार बनाम बिहार राज्य, 2005
(2) उत्तर प्रदेश राज्य बनाम छोटे लाल, 2011
(3) कैनी राजन बनाम केरल राज्य, 2013
(4) प्रदीप कुमार वर्मा बनाम बिहार राज्य, 2007
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**36.** 'बलात्कार के अपराध के लिए प्रवेश अनिवार्य है, स्खलन नहीं' – यह बात निम्नलिखित मामलों में स्थापित हुई :

(1) वीर बहादुर बनाम राज्य, 1995
(2) वाहिद खान बनाम मध्य प्रदेश राज्य, 2010
(3) सत्यपाल बनाम हरियाणा राज्य, 2009
(4) अमन कुमार बनाम हरियाणा राज्य, 2004
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**34.** In which case Supreme Court has reitreated that "Mere naming of distant relations is not enough to summon them in the absence of any specific role and material to support such a role in dowry death" ?

(1) Monju Roy v. State of West Bengal, 2015
(2) State of Punjab v. Gurmit Singh, 2014
(3) U. Suvetha v. State, 2009
(4) Kuljit Singh v. State of Punjab, 2022
(5) Question not attempted

**35.** In the offence of Rape, the term 'Will' and 'Consent' often intermingle. An act done 'Against Will' can be said an act done 'Without Consent'- this view was given in the case of :

(1) Dilip Singh @ Dilip Kumar v. State of Bihar, 2005
(2) State of Uttar Pradesh v. Chhotey Lal, 2011
(3) Kaini Rajan v. State of Kerala, 2013
(4) Pradeep Kumar Verma v. State of Bihar, 2007
(5) Question not attempted

**36.** "Penetrations, not ejaculation, is the sine qua non for the offence of Rape" – established in the case of :

(1) Veer Bahadur v. State, 1995
(2) Wahid Khan v. State of Madhya Pradesh, 2010
(3) Satypal v. State of Haryana, 2009
(4) Aman Kumar v. State of Haryana, 2004
(5) Question not attempted

37. गम्भीर और अचानक प्रकोपन एक _____ है।

(1) तथ्य का प्रश्न

(2) विधि का प्रश्न

(3) तथ्य और विधि का मिश्रित प्रश्न

(4) विधि के अन्तर्गत उपधारणा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. सर्वोच्च न्यायालय ने किस मामले/मामलों में यह पाया है कि, "चूँकि कोई भी अभियुक्त के मन में प्रवेश नहीं कर सकता, इसलिए उसके आशय का पता इस्तेमाल किए गए हथियार, हमले के लिए चुने गए शरीर के अंग और क्षतियों की प्रकृति से लगाया जाना चाहिए" ?

(1) केवल राजस्थान राज्य बनाम कन्हैयालाल, 2019 में

(2) केवल सिंगापागु अंजैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य, 2010 में

(3) भगवान सिंह बनाम उत्तराखंड राज्य, 2020 में

(4) (1) और (2) दोनों में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. एक शॉपिंग मॉल में वार (ब्लो) का आदान-प्रदान जिससे वहाँ उपस्थित सभी लोग भयभीत हो जाते हैं, निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(1) आपराधिक बल का प्रयोग

(2) हमला

(3) दंगा

(4) बलवा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. Grave and sudden provocation is a _____.

(1) question of fact

(2) question of law

(3) mixed question of fact and law

(4) presumption under the law

(5) Question not attempted

38. In which case/cases Supreme Court find that, "As nobody can enter into the mind of the accused, his intention has to be gathered from the weapon used, the part of the body chosen for the assault and the nature of the injuries caused" ?

(1) Only in State of Rajasthan v. Kanhaiya Lal 2019

(2) Only in Singapagu Anjaiah v. State of A.P., 2010

(3) Bhagwan Singh v. State of Uttarakhand, 2020

(4) Both (1) and (2)

(5) Question not attempted

39. The exchange of blows in a shopping mall terrifying all present amounts to which of the following ?

(1) Use of criminal force

(2) Assault

(3) Affray

(4) Riot

(5) Question not attempted

**40.** निम्नलिखित में से कौन सा/कौन से वाद भारतीय न्याय संहिता 2023 के अधीन 'विकृत चित्तता' की प्रतिरक्षा से संबंधित है ?

(1) केवल देवीदास लोका राठौड़ बनाम महाराष्ट्र राज्य (2018)

(2) केवल प्रकाश नायी बनाम गोवा राज्य (2023)

(3) (1) व (2) दोनों

(4) सुरेश बनाम राज्य (एन.सी.टी. देहली सरकार) (2025)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41.** निम्नलिखित प्रावधानों में से कौन सा प्रावधान भारतीय न्याय संहिता 2023 में संपत्ति के विरुद्ध अपराधों के सम्बन्ध में समावेशित किया गया ?

(1) धारा 303 (1) भा. न्याय सं.

(2) धारा 304 (1) और (2) भा. न्याय सं.

(3) धारा 308 (1) भा. न्याय सं.

(4) धारा 309 (1) भा. न्याय सं.

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42.** निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 के अन्तर्गत 'सतत् विधि विरुद्ध क्रियाकलाप' का तत्त्व नहीं है ?

(1) संज्ञेय अपराध

(2) अपराध जो तीन या अधिक वर्ष के कारावास से दण्डनीय है।

(3) एक से अधिक आरोप-पत्र सक्षम न्यायालय के समक्ष दाखिल किये गये हैं।

(4) आरोप-पत्र 15 वर्ष की पूर्ववर्ती अवधि के भीतर दाखिल किए गए हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**40.** Which one of the following case /cases is related to 'unsoundness of mind' as a defence under BNS 2023 ?

(1) Only Devidas Loka Rathod v. State of Maharashtra (2018)

(2) Only Prakash Nayi v. State of Goa (2023)

(3) Both (1) and (2)

(4) Suresh v. State (Govt. of NCT Delhi) (2025)

(5) Question not attempted

**41.** Which of the following provisions have been introduced in B.N.S. 2023 with respect to offences against property ?

(1) Section 303 (1) B.N.S.

(2) Section 304 (1) and (2) B.N.S.

(3) Section 308 (1) B.N.S.

(4) Section 309 (1) B.N.S.

(5) Question not attempted

**42.** Which of the following is not an element of 'continuous unlawful activity' under Section 111 of BNS 2023 ?

(1) A cognizable offence.

(2) Offences punishable with imprisonment of 3 years or more.

(3) More than one charge-sheet have been filed before competent court.

(4) Charge-sheets are filed within the preceding period of 15 years.

(5) Question not attempted

43. भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 में वर्णित "आर्थिक अपराध" में सम्मिलित नहीं है

(1) कूटरचना

(2) आपराधिक न्यासभंग

(3) सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग

(4) करेंसी नोट का कूटकरण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. 'क', जो कि एक सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनी में मानव संसाधन मैनेजर है 'ख' को, जो कि एक बी.टेक ग्रेजुएट वयस्क लड़की है, वचन देता है कि वह 'ख' को अपनी कम्पनी में अच्छी सैलेरी पैकेज की नौकरी दिलवा सकता है । इस लालच के चलते वह 'ख' के साथ मैथुन करता है और वह अपना वचन पूरा करता है । 'क' ने बी.एन.एस. 2023 के अंतर्गत कौन सा अपराध किया है

(1) बलात्संग का

(2) प्रवंचनापूर्ण साधनों का प्रयोग करके मैथुन का

(3) मिथ्याव्यपदेश का प्रयोग करके मैथुन का

(4) 'क' ने कोई अपराध नहीं किया है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. निम्न में से किसमें सामुदायिक सेवा का दण्ड विहित नहीं है ?

(1) धारा-202 भारतीय न्याय संहिता में

(2) धारा-303(2) का परन्तुक भारतीय न्याय संहिता में

(3) धारा-356(2) भारतीय न्याय संहिता में

(4) धारा-354 भारतीय न्याय संहिता में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. "Economic offence" as explained in Section 111 of B.N.S. 2023 does not include :

(1) Forgery

(2) Criminal Breach of Trust

(3) Dishonest misappropriation of property

(4) Counterfeiting of currency notes

(5) Question not attempted

44. 'X', a Human Resource Manager in an IT Company promised 'Y', a B. Tech. graduate major girl that he will ensure a job with high salary package in his company. With this allurement, he had sexual intercourse with her and he fulfilled his promise. What offence is committed by 'X' under B.N.S. 2023 ?

(1) Rape

(2) Sexual intercourse by employing deceitful means

(3) Sexual intercourse by misrepresentation

(4) No offence is committed by 'X'

(5) Question not attempted

45. In which of the following, the punishment of community service is not prescribed ?

(1) Section 202 of B.N.S.

(2) Proviso to Section 303(2) of B.N.S.

(3) Section 356(2) of B.N.S.

(4) Section 354 of B.N.S.

(5) Question not attempted

46. न्यायालय के आदेश के अन्तर्गत एक तहसीलदार ने बुलडोज़र चालक को एक अनधिकृत निर्माण को सार्वजनिक स्थान से ध्वस्त करने हेतु आदेश दिया । अतिक्रमी ने तहसीलदार को धमकी दी कि अगर अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्यवाही नहीं रोकी गई तो वह आत्महत्या कर लेगा और फिर उसने स्वयं पर केरोसीन डाल लिया । अतिक्रमी का दायित्व निर्धारित कीजिए ।

(1) किसी अपराध का दोषी नहीं ।
(2) धारा 224 भा.न्याय सं. 2023 के अंतर्गत दायी ।
(3) धारा 225 भा.न्याय सं. 2023 के अंतर्गत दायी ।
(4) धारा 226 भा.न्याय सं. 2023 के अंतर्गत दायी ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 106(1) के अन्तर्गत, यदि कोई पंजीकृत चिकित्सक किसी चिकित्सीय प्रक्रिया के दौरान उतावलेपन से या उपेक्षापूर्ण कार्य से मृत्यु कारित करता है, तो दण्ड की अवधि का विस्तार हो सकता है

(1) 1 वर्ष तक कारावास और जुर्माना
(2) 2 वर्ष तक कारावास और जुर्माना
(3) 5 वर्ष तक कारावास और जुर्माना
(4) 10 वर्ष तक कारावास और जुर्माना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. 'A' और 'B' बैंक को लूटने के लिए सहमत होते हैं और 'A' बैंक के अन्दर प्रवेश करता है और प्रधान कैशियर की मृत्यु कारित कर नकदी इकट्ठा कर बाहर जाने लगता है । बैंक में सुरक्षाकर्मी द्वारा 'A' की मृत्यु कर दी जाती है । 'B' जो कि बैंक के बाहर 'A' की भागने में सहायता के लिए प्रतीक्षारत था, घबराकर मोटरसाइकिल से भाग गया ।
'B' का आपराधिक दायित्व क्या है ?

(1) केवल हत्या के लिए
(2) केवल लूट के लिए
(3) हत्या और लूट के प्रयत्न के लिए
(4) कोई दायित्व नहीं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. Under a court order, a Tehsildar asked a Bulldozer operator to demolish an unauthorized construction on a public place. The encroacher threatened the Tehsildar to commit suicide if Tehsildar did not stop demolition and then poured kerosene on himself. Determine the liability of encroacher.

(1) Not liable for any offence
(2) Liable under Section 224 of B.N.S. 2023
(3) Liable under Section 225 of B.N.S. 2023
(4) Liable under Section 226 of B.N.S. 2023
(5) Question not attempted

47. Under Section 106(1) of the B.N.S., 2023, if a registered medical practitioner causes death by a rash and negligent act while performing a medical procedure, the punishment may extend up to :

(1) Imprisonment for 1 year and fine
(2) Imprisonment for 2 years and fine
(3) Imprisonment for 5 years and fine
(4) Imprisonment for 10 years and fine
(5) Question not attempted

48. A and B agreed to rob a bank. 'A' entered into the bank, killed the head cashier, collected the cash and when he was to go out, 'A' was also killed by the security guard of the Bank. 'B' who was waiting outside the Bank to facilitate 'A' to run away, got frightened and ran away on his motor cycle.
What is the criminal liability of B ?

(1) Only Murder
(2) Only Robbery
(3) Murder and attempt to commit robbery
(4) No liability
(5) Question not attempted

**49.** सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 75 के अनुसार, यह अपराधों या उल्लंघन पर लागू होता है

(1) केवल भारत के भीतर किए गये अपराधों पर
(2) उन अपराधों पर जो भारत के बाहर किए गए हो, लेकिन जिनमें उपयोग किए गए कम्प्यूटर संसाधन भारत में स्थित हो ।
(3) केवल भारतीय नागरिकों द्वारा भारत की सीमाओं के भीतर किए गए अपराधों पर
(4) केवल विदेशी नागरिकों द्वारा किए गए अपराधों पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**50.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनें :

| *सूची-I (आई टी एक्ट का प्रावधान)* | *सूची-II (धारा)* |
|---|---|
| a. साईबर आतंकवाद के लिए दण्ड | i. 71 |
| b. पहचान चोरी के लिए दण्ड | ii. 66C |
| c. दुर्व्यपदेशन के लिए शास्ति | iii. 76 |
| d. अधिहरण | iv. 66F |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iv | iii |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | iv | ii | i | iii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**51.** एक प्रसिद्ध अभिनेत्री जो समुद्र किनारे नहा रही थी, 'क' उसे बिना पूछे उसकी एक फोटो लेता है । 'क' ने निम्न में से कौन सा अपराध किया है ?

(1) 'क' ने कोई अपराध नहीं किया ।
(2) लैंगिक उत्पीड़न
(3) पीछा करना
(4) दृश्यरतिकता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**49.** Under Section 75, the Information Technology Act 2000, applies to offences or contravention –

(1) committed only within India
(2) committed outside India by any person using computer resources located in India
(3) committed by Indian citizens only within Indian territory
(4) committed by foreigners only
(5) Question not attempted

**50.** Match List-I with List-II and choose correct answer using codes given below :

| *List-I (Provision of IT Act)* | *List – II (Section)* |
|---|---|
| a. Punishment for Cyber Terrorism | i. 71 |
| b. Punishment for identity theft | ii. 66C |
| c. Penalty for misrepresentation | iii. 76 |
| d. Confiscation | iv. 66F |

Codes :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iv | iii |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | iv | ii | i | iii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(5) Question not attempted

**51.** 'A' takes a photo of a famous actress who was bathing at the sea beach without asking her. Which of the following offence 'A' has committed ?

(1) 'A' has not committed any offence.
(2) Sexual harassment
(3) Stalking
(4) Voyeurism
(5) Question not attempted

52. यदि किसी अनुबन्ध के प्रतिफल का कुछ भाग अवैध हो और उसे वैध भाग से अलग नहीं किया जा सके, तो ऐसा अनुबन्ध

(1) वैध भाग के लिए मान्य रहेगा।
(2) पूर्णतः शून्य हो जाएगा।
(3) केवल एक पक्ष द्वारा लागू किया जा सकता है।
(4) न्यायालय की अनुमति अपेक्षित है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. यदि किसी वैध अनुबन्ध का निष्पादन विधि में किसी पश्चात्वर्ती परिवर्तन के कारण अवैध हो जाता है, तो अनुबन्ध

(1) वैध और प्रवर्तनीय रहता है।
(2) तब तक निलंबित रहता है जब तक विधि दोबारा बदल न जाए।
(3) वैकल्पिक माध्यमों से पूरा किया जाना चाहिए।
(4) नैराश्यता के कारण शून्य हो जाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. निम्न को सुमेलित कीजिए :

| *अपराध* | *B.N.S. के अन्तर्गत धारा* |
|---|---|
| (A) आपराधिक षड्यंत्र | (a) 194 |
| (B) विधि-विरुद्ध जमाव | (b) 191 |
| (C) बलवा | (c) 61 |
| (D) दंगा | (d) 189 |

निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर सही है ?

(1) (A)-(c) (B)-(d) (C)-(b) (D)-(a)
(2) (A)-(d) (B)-(c) (C)-(a) (D)-(b)
(3) (A)-(a) (B)-(b) (C)-(c) (D)-(d)
(4) (A)-(b) (B)-(a) (C)-(d) (D)-(c)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. If part of the consideration of an agreement is unlawful and cannot be separated from the lawful part, the agreement

(1) is valid as to the lawful part.
(2) becomes void entirely.
(3) can be enforced by one party.
(4) requires court approval.
(5) Question not attempted

53. If performance of a lawful contract becomes unlawful due to subsequent change in law, the contract

(1) remains valid and enforceable.
(2) is suspended until the law changes again.
(3) must be performed through alternative means.
(4) is frustrated and becomes void.
(5) Question not attempted

54. Match the following :

| *Offences* | *Section in B.N.S.* |
|---|---|
| (A) Criminal Conspiracy | (a) 194 |
| (B) Unlawful Assembly | (b) 191 |
| (C) Rioting | (c) 61 |
| (D) Affray | (d) 189 |

Which option is correct from the following?

(1) (A)-(c) (B)-(d) (C)-(b) (D)-(a)
(2) (A)-(d) (B)-(c) (C)-(a) (D)-(b)
(3) (A)-(a) (B)-(b) (C)-(c) (D)-(d)
(4) (A)-(b) (B)-(a) (C)-(d) (D)-(c)
(5) Question not attempted

55. निम्नलिखित में से कौन सी स्वतंत्र सम्मति के लिए आवश्यक विशेषता नहीं है ?
(1) जब सम्मति प्रपीड़न से नहीं ली गई हो ।
(2) जब सम्मति असम्यक् असर से नहीं ली गई हो ।
(3) जब सम्मति भूलवश नहीं ली गई हो ।
(4) जब सम्मति गलतफहमी के कारण नहीं ली गई हो ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. निम्नलिखित में से कौन सा एक वैध ई-अनुबन्ध का आवश्यक तत्त्व नहीं है ?
(1) वैध उद्देश्य
(2) स्वतंत्र सहमति
(3) दोनों पक्षों की भौतिक उपस्थिति
(4) प्रस्ताव और स्वीकृति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. क्वांटम मेरिट का क्या अर्थ है ?
(1) सरकार द्वारा तय किया गया
(2) जितना काम किया उतना पारिश्रमिक
(3) आनुग्रहिक वचन
(4) अन-आनुग्रहिक वचन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. एक विवाहित महिला 'A' ने 'B' के साथ अनैतिक संबंध में रहने और नौकरानी बनने के लिए सहमति दी । बदले में 'B' ने उसे ₹ 15,000 प्रति माह देने का वादा किया । यह करार भारतीय संविदा अधि., 1872 के संदर्भ में
(1) शून्य है । (2) वैध है ।
(3) अविधिपूर्ण है । (4) शून्यकरणीय है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. Which of the following is not a necessary feature for free consent ?
(1) When the consent is not caused by coercion.
(2) When the consent is not caused by undue influence.
(3) When the consent is not caused by mistake.
(4) When the consent is not caused by misunderstanding.
(5) Question not attempted

56. Which of the following is NOT an essential element of a valid e-contract ?
(1) Lawful object
(2) Free consent
(3) Physical presence of both parties
(4) Offer and acceptance
(5) Question not attempted

57. Quantum Merit means –
(1) As decided by the Government
(2) As much work done so remuneration
(3) A gratuitous promise
(4) A non-gratuitous promise
(5) Question not attempted

58. 'A', a married woman agreed to live in adultery with 'B' and also agreed to serve him as his house keeper. In return, 'B' agreed to pay 'A' ₹ 15,000/- per month. The agreement with reference to Indian Contract Act, 1872 is :
(1) Void (2) Valid
(3) Unlawful (4) Voidable
(5) Question not attempted

**59.** निम्नलिखित में से किसे सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 6 के अन्तर्गत अंतरित किया जा सकता है ?
(1) अग्रक्रयाधिकार
(2) वाद लाने का अधिकार मात्र
(3) राजनैतिक पेन्शन
(4) भरण-पोषण का बकाया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**60.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 की धारा 1 के अनुसार, कोई भी राज्य सरकार समय-समय पर राज्य-क्षेत्र के किसी भी भाग को निम्नलिखित में से किस प्रावधान से छूट दे सकती है ?
(1) धारा 59, 107, 108, 122
(2) धारा 54, 107, 123
(3) धारा 54 पैरा 2 और 3, 59, 107 और 123
(4) धारा 59 पैरा 1 और 2, 107, 123, 130
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**61.** निम्नलिखित में से कौन सा 'कपट' नहीं है ?
(1) जो बात सत्य नहीं है, उसका तथ्य के रूप में उस व्यक्ति द्वारा सुझाया जाना जो यह विश्वास नहीं करता कि वह सत्य है ।
(2) एक तथ्य का सक्रिय छिपाया जाना ।
(3) बिना यह जाने कि यह असत्य है, ईमानदारी से यह जानते हुए कि यह सत्य है किया गया व्यपदेशन ।
(4) कोई वचन जो उसका पालन करने के आशय के बिना दिया गया हो ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**62.** प्रस्ताव और प्रतिग्रहण निम्नलिखित में से किस पर आधारित या स्थापित होना चाहिए ?
(1) केवल निश्चितता (2) केवल प्रतिबद्धता
(3) केवल संसूचना (4) (1), (2) एवं (3)
(5) अनुत्तरित प्रश्न



**59.** Which of the following can be transferred under Section 6 of the Transfer of Property Act, 1882 ?
(1) Right of Pre-emption
(2) Mere right to sue
(3) Political pension
(4) Arrears of Maintenance
(5) Question not attempted

**60.** According to Sec. 1 of the Transfer of Property Act 1882, any State Government may from time to time exempt either any part of territories from which of the following provisions ?
(1) Section 59, 107, 108, 122
(2) Section 54, 107, 123
(3) Section 54 paragraph 2 and 3, 59, 107 and 123
(4) Section 59 paragraph 1 and 2, 107, 123, 130
(5) Question not attempted

**61.** Which of the following does not amount to fraud ?
(1) Suggestion as a fact which is not true, by one who does not believe it to be true.
(2) Active concealment of a fact.
(3) A representation made without knowing it to be false, honestly believing it to be true.
(4) A promise made without any intention of performing it.
(5) Question not attempted

**62.** The offer and acceptance must be based or founded on which of the following ?
(1) Only certainty
(2) Only commitment
(3) Only communication
(4) (1), (2) and (3)
(5) Question not attempted

63. "प्लान्च बनाम कोलबर्न (1831) SC & P 58" का वाद किससे सम्बन्धित है ?

(1) प्रतिफल का संसर्ग
(2) संविदा के नैराश्यता का सिद्धांत
(3) क्वाण्टम मेरिट
(4) संविदा का संसर्ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. भावी सम्पत्ति का दान

(1) शून्य है ।
(2) शून्यकरणीय है ।
(3) वैध है ।
(4) सशर्त शून्य है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. 'ख' को घर बेचने की संविदा 'क' करता है । संविदा के प्रवर्तन में होते हुए भी, वह उसी घर को 'ग' को, जिसे संविदा की सूचना है बेच देता है । 'ख' के अधिकार के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(1) 'ख' संविदा को केवल 'क' के विरुद्ध प्रवर्तित करा सकता है ।
(2) 'ख' संविदा को 'ग' के विरुद्ध प्रवर्तित नहीं करा सकता क्योंकि 'ख' और 'ग' के मध्य कोई संविदा नहीं है ।
(3) 'ख' संविदा को 'क' के साथ 'ग' के विरुद्ध भी प्रवर्तित करा सकता है ।
(4) 'ख' केवल 'ग' के विरुद्ध संविदा को प्रवर्तित करा सकता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. The case "Planche v. Colburn (1831) SC & P 58" is related to :

(1) Privity to consideration
(2) Doctrine of Frustration of contract
(3) Quantum Merit
(4) Privity to contract
(5) Question not attempted

64. The gift of future property is ______.

(1) Void
(2) Voidable
(3) Valid
(4) Conditionally void
(5) Question not attempted

65. 'A' contracts to sell a house to 'B'. While the contract is still in force, he sells the same house to 'C', who has information of the contract. Which one of the following is correct in relation to right of 'B' ?

(1) 'B' can only enforce the contract against 'A'.
(2) 'B' cannot enforce the contract against 'C' as there was no contract between 'B' & 'C'.
(3) 'B' can enforce the contract against 'A' as well as against 'C'.
(4) 'B' can enforce the contract against 'C' only.
(5) Question not attempted

66. प्रसिद्ध वाद "एडम्स बनाम लिंडसेल (1818) 1 B & A 681" निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?
(1) डाक संचार के मामले में संविदा का निष्कर्ष
(2) सामान्य प्रस्ताव
(3) प्रस्ताव की संसूचना
(4) नैराश्यता का सिद्धान्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत कलात्मक कृति के अर्थ में निम्नलिखित में से कौन सा शामिल नहीं है ?
(1) रेखाचित्र
(2) शिल्पकारिता की कृति
(3) वास्तुकृति
(4) खाती (बढ़ई) की कृति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनें :

| *सूची-I (धारा)* | *सूची-II (प्रावधान)* |
|---|---|
| a. 2(e) | i. वह करार जो विधित: प्रवर्तनीय न हो शून्य कहलाता है । |
| b. 2(h) | ii. जो संविदा विधित: प्रवर्तनीय नहीं रह जाती वह तब शून्य हो जाती है जब वह प्रवर्तनीय नहीं रह जाती । |
| c. 2(g) | iii. वह करार जो विधित: प्रवर्तनीय हो संविदा है । |
| d. 2(j) | iv. हर एक वचन और ऐसे वचनों का हर एक संवर्ग, जो एक दूसरे के लिए प्रतिफल हो करार है । |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | ii | iii | i | iv |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. The famous case "Adams v. Lindsell (1818) 1 B & A 681"is related to which of the following ?
(1) Conclusion of contract in case of postal communication
(2) General offer
(3) Communication of offer
(4) Doctrine of frustration
(5) Question not attempted

67. Which of the following is not included within the meaning of artistic work under the Copyright Act, 1957 ?
(1) Drawing
(2) Work of Craftmenship
(3) Work of Architecture
(4) Work of Carpenter
(5) Question not attempted

68. Match List-I with List-II and choose correct answer using codes given below :

| *List-I (Section)* | *List-II (Provision)* |
|---|---|
| a. 2(e) | i. An agreement not enforceable by law is said to be void. |
| b. 2(h) | ii. A contract which ceases to be enforceable by law becomes void when it ceases to be enforceable. |
| c. 2(g) | iii. An agreement enforceable at law is contract. |
| d. 2(j) | iv. Every promise and set of promises, forming the consideration for each other, is an agreement. |

Codes:

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | ii | iii | i | iv |

(5) Question not attempted

69. निम्नलिखित में से कौन डब्ल्यू आई पी ओ का अंग नहीं है ?
(1) डब्ल्यू आई पी ओ महासभा
(2) डब्ल्यू आई पी ओ सम्मेलन
(3) डब्ल्यू आई पी ओ कार्यवाही समिति
(4) डब्ल्यू आई पी ओ समन्वय समिति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. पेटेंट अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन एक पेटेंट योग्य आविष्कार है ?
(1) शैवाल की खेती की एक विधि
(2) एकीकृत परिपथ की स्थलाकृति
(3) सूचना की प्रस्तुति
(4) एक नया उत्पाद या प्रक्रिया जिसमें आविष्कारशील कदम शामिल है और जो औद्योगिक अनुप्रयोग में सक्षम है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. "लिस् पेन्डंस् के सिद्धान्त" से सम्बन्धित प्रमुख वाद कौन सा है ?
(1) फैयाज हुसैन खान बनाम प्राग नारायण
(2) केदारनाथ बनाम गौरी मोहम्मद
(3) अब्दुल अजीज बनाम मासूम अली
(4) बिपाथुमा बनाम कदमबोलिथया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. 'सामूहिक चिह्न' निम्नलिखित में से किसके द्वारा पंजीकृत किया जाता है ?
(1) व्यक्ति (2) व्यक्तियों का संगम
(3) साझेदारी फर्म (4) कम्पनी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. "निर्दोष अतिलंघन" का बचाव प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1957 की धारा _______ के अन्तर्गत प्रदान किया गया है ।
(1) 55 (2) 56
(3) 57 (4) 52
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. Which of the following is not an Organ of WIPO ?
(1) WIPO General Assembly
(2) WIPO Conference
(3) WIPO Action Committee
(4) WIPO Co-ordination Committee
(5) Question not attempted

70. Which of the following is a Patentable invention under the Patents Act,1970 ?
(1) A method for cultivation of algae
(2) Topography of integrated circuits
(3) A presentation of information
(4) A new product or process involving an inventive step and capable of industrial application
(5) Question not attempted

71. The leading case on the "Doctrine of lis pendens"
(1) Faiyaz Husain Khan v. Prag Narain
(2) Kedar Nath v. Gorie Mohammad
(3) Abdul Azeez v. Masum Ali
(4) Beepathuma v. Kadambolithaya
(5) Question not attempted

72. 'Collective Mark' is registered by which of the following ?
(1) Individual
(2) Association of Persons
(3) Partnership firm
(4) Company
(5) Question not attempted

73. The defence of 'innocent infringement' has been provided under Section _______ of the Copyright Act, 1957.
(1) 55 (2) 56
(3) 57 (4) 52
(5) Question not attempted

**74.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन बौद्धिक संपदा अधिकारों के दार्शनिक औचित्य को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है ?

(1) बौद्धिक सम्पत्ति नहीं है क्योंकि इसे भौतिक रूप से स्वामित्व में नहीं लिया जा सकता है ।

(2) बौद्धिक रचनाओं को सम्पत्ति माना जाता है क्योंकि वे व्यक्ति के बौद्धिक श्रम का परिणाम है ।

(3) आई.पी.आर. केवल निर्गमित आविष्कारों की रक्षा के लिए होते हैं, निजी रचनात्मकता नहीं ।

(4) बौद्धिक सम्पदा मानव बुद्धि से स्वतंत्र रूप से अस्तित्व रखती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**75.** निम्न को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | विक्रय | (i) | सम्पत्ति के उपभोग के अधिकार का अंतरण स्वामित्व का नहीं |
| (b) | भोग बंधक | (ii) | अंतिम भुगतान के बाद ही स्वामित्व स्थानांतरित होता है । |
| (c) | भाड़ा-क्रय | (iii) | बिना किसी प्रतिफल के स्वामित्व का अंतरण |
| (d) | दान | (iv) | स्वामित्व का अंतरण धनराशि के बदले दिया गया या देने की प्रतिज्ञा की । |

कौन सा उत्तर सही है ?

(1) (a)-(i) (b)-(ii) (c)-(iii) (d)-(iv)

(2) (a)-(iii) (b)-(iv) (c)-(i) (d)-(ii)

(3) (a)-(iv) (b)-(i) (c)-(ii) (d)-(iii)

(4) (a)-(ii) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)-(i)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**74.** Which of the following statements best reflects the philosophical justification for Intellectual Property Rights ?

(1) Intellectual is not a form of property because it cannot be owned physically.

(2) Intellectual creations are considered property as they result from one's intellectual labour.

(3) IPRs exist only to protect corporate inventions, not personal creativity.

(4) Intellectual property exists independently of human intellect.

(5) Question not attempted

**75.** Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Sale | (i) | Transfer of right to enjoy property not ownership. |
| (b) | Usufructory Mortgage | (ii) | Ownership passes only after final payment. |
| (c) | Hire-purchase | (iii) | Transfer of ownership without consideration. |
| (d) | Gift | (iv) | Transfer of ownership in exchange for money paid or promised to pay. |

Which option gives correct answer ?

(1) (a)-(i) (b)-(ii) (c)-(iii) (d)-(iv)

(2) (a)-(iii) (b)-(iv) (c)-(i) (d)-(ii)

(3) (a)-(iv) (b)-(i) (c)-(ii) (d)-(iii)

(4) (a)-(ii) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)-(i)

(5) Question not attempted

76. पौधों की नई किस्मों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन (यू पी ओ वी)$^2$, 1968, संशोधित 1991 किससे सम्बन्धित है ?
(1) व्यापार चिह्न (2) भौगोलिक संकेत
(3) प्रतिलिप्याधिकार (4) पेटेन्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. भारतीय पेटेंट अधिनियम के अनुसार पेटेंट दिए जाने की तिथि से तीन वर्ष बाद अनिवार्य लाइसेंस कब दिया जा सकता है ?
(1) जब पेटेंट की अवधि समाप्त हो जाए और वह सार्वजनिक डोमेन में आ जाए ।
(2) जब पेटेंट आविष्कार का अत्यधिक व्यावसायिक उपयोग हो चुका हो ।
(3) जब जनता की उचित आवश्यकताएँ पूरी न हुई हो और पेटेंटेड आविष्कार, भारत में उपयोग न किया जा सका हो ।
(4) जब पेटेंट धारक पेटेंट के नवीनीकरण करने से मना कर दें ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. डिज़ाइन्स अधिनियम, 2000 की धारा 5 के अन्तर्गत डिज़ाइन के पंजीकरण के लिए कौन आवेदन कर सकता है ?
A. विदेशी
B. डिज़ाइन का लेखक
C. केवल सरकार द्वारा पेटेंट कार्यालय के माध्यम से
D. वह व्यक्ति जिसने अच्छा प्रतिफल देकर डिज़ाइन प्राप्त की हो ।
(1) केवल A और B (2) केवल A और C
(3) केवल B और C (4) केवल B और D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. निम्नलिखित में से कौन सा अंतर्राष्ट्रीय समझौता ट्रेडमार्क से सम्बन्धित है ?
(1) मैड्रिड समझौता
(2) रोम कन्वेंशन, 1961
(3) बुडापेस्ट संधि
(4) लिस्बन समझौता, मूल के नामों के संरक्षण और उनके पंजीकरण के लिए, 1979
(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. International Convention for Protection of New Varieties of Plants (UPOV)$^2$, 1968 and revised in 1991 is related to :
(1) Trademark
(2) Geographical Indications
(3) Copyrights
(4) Patents
(5) Question not attempted

77. Under the Indian Patent Act, a compulsory licence can be granted after three years from the date of a patent if –
(1) The patent has expired and is in the public domain.
(2) The patented invention has been over used commercially.
(3) The reasonable requirement of the public has not been satisfied & patented invention is not worked in India.
(4) The patentee refuses to renew his patent.
(5) Question not attempted

78. Under Sec. 5 of the Designs Act, 2000 who among the following is entitled to seek registration of a design ?
A. Foreigners
B. Author of the design
C. Only the Government through the patent office
D. A person who obtained the design for good consideration
Choose the correct option.
(1) Only A and B (2) Only A and C
(3) Only B and C (4) Only B and D
(5) Question not attempted

79. Which of the following international agreements is related to Trademark ?
(1) Madrid Agreement
(2) Rome Convention, 1961
(3) Budapest Treaty
(4) Lisbon Agreement, for protection of appellations of origin and their registration, 1979
(5) Question not attempted

**80.** रसगुल्ला पर विवाद किससे संबंधित है ?

(1) पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के बीच ट्रेडमार्क विवाद

(2) रसगुल्ला बनाने की प्रक्रिया पर पेटेंट विवाद

(3) पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों के बीच भौगोलिक संकेत विवाद

(4) रसगुल्ला की रेसिपी पर कॉपीराइट विवाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**81.** ट्रीपस् समझौता निम्नलिखित में से क्या निर्धारित करता है ?

(1) एकरूप वैश्विक बौद्धिक संपदा प्रवर्तन विधि

(2) आई.पी.आर. सुरक्षा के न्यूनतम मानक जिन्हें सदस्य पार कर सके ।

(3) अधिकतम मानक जिससे परे कोई देश विधायन न कर सके ।

(4) डब्ल्यू.आई.पी.ओ. के तहत विशेष प्रवर्तन प्रक्रियाएँ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**82.** किसी पक्ष को दूसरे पक्ष की स्वामित्व-दोष के कारण बदले में प्राप्त वस्तु से वंचित किया जाता है तो धारा 119, सम्पत्ति अंतरण अधिनियम के अंतर्गत कौन सा/से उपचार मिलेगा/मिलेंगे ?

(A) अनुबंध रद्द कर सकेगा ।

(B) कोई उपचार उपलब्ध नहीं है ।

(C) वह प्रतिकर का दावा कर सकता है ।

(D) वह अपनी दी हुई वस्तु वापस माँग सकता है ।

सही विकल्प को चुनें :

(1) (B), (C) और (D) सभी उपचार उपलब्ध हैं ।

(2) (A), (B) और (C) के उपचार उपलब्ध हैं ।

(3) (A) और (B) उपलब्ध हैं ।

(4) (C) और (D) उपलब्ध हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**80.** The debate over Rasgulla, refers to –

(1) A trademark dispute between West Bengal and Tamil Nadu

(2) A patent claim for the method of making Rasgulla

(3) A Geographical Indication dispute between West Bengal and Odisha

(4) A copyright issue regarding the recipe of Rasgulla

(5) Question not attempted

**81.** What the TRIPS Agreement sets among the following ?

(1) A uniform global Intellectual property enforcement law.

(2) Minimum standard for IPR protection that members can exceed.

(3) Maximum standards beyond which no country may legislate.

(4) Exclusive enforcement procedure under WIPO.

(5) Question not attempted

**82.** If a party is deprived of the thing received in exchange due to defect in title of the other party, what remedy/remedies is/are available to him under Sec. 119 of TP Act ?

(A) May rescind the contract.

(B) Has no remedy.

(C) May claim compensation.

(D) May demand return of the thing transferred.

Choose the correct answer :

(1) (B), (C) and (D) all are available.

(2) (A), (B) and (C) are available.

(3) (A) and (B) are available.

(4) (C) and (D) are available.

(5) Question not attempted

**83.** निम्न में से किस वाद/वादों में यह धारण किया गया कि यदि विधवा ने अपने पति की सम्पत्ति विधिपूर्वक कब्जा प्राप्त कर लिया है, तो उसे कब्जा बनाए रखने का अधिकार तब तक है जब तक कि उसके मेहर का भुगतान न कर दिया जावे ?

(a) बीबी बचन बनाम शेख हमीद में

(b) हमीरा बीबी बनाम जुबैदा बीबी में

(c) हसन अली मिर्ज़ा बनाम नुशरत अली मिर्ज़ा

सही उत्तर का चयन करें :

(1) केवल (a) सही है ।

(2) केवल (a) और (b) सही हैं ।

(3) केवल (b) सही है ।

(4) (a), (b), (c) सही हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**84.** मुस्लिम विधि के अंतर्गत दान के संबंध में कौन सा कथन सही है ?

(1) यदि दानगृहीता को कब्जे का परिदान कर दिया जाता है तो दाता द्वारा दान के खण्डन की घोषणा दान को खण्डित करने हेतु पर्याप्त है ।

(2) 'A' द्वारा 'B' को अपने खजूर के पेड़ पर इस वर्ष होने वाले फलों का दान, एक वैध दान है ।

(3) एक शिया मुसलमान द्वारा 'A' को जीवनकाल के लिए और यदि 'A' बिना किसी पुरुष वारिस (संतान) को छोड़कर मर जाता है तो सम्पत्ति का दान 'B' को करता है, यद्यपि यह समाश्रित दान है फिर भी यह वैध है ।

(4) यदि एक बार कब्जे का परिदान कर दिया जाता है तब न्यायालय की डिक्री द्वारा दान को खण्डित किया जा सकता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**83.** In which of the following case/cases it was held that if the widow has obtained possession lawfully over the property of the husband, then she has right to retain it till her dower is paid ?

(a) In Beebee Bachun v. Sheikh Hamid

(b) In Hamira Bibi v. Zubaida Bibi

(c) Hasan Ali Mirza v. Nushrat Ali Mirza

Choose the correct option.

(1) Only (a) is correct.

(2) Only (a) and (b) are correct.

(3) Only (b) is correct.

(4) (a), (b), (c) are correct.

(5) Question not attempted

**84.** Which of the following statement is correct in relation to a gift under Muslim Law ?

(1) If possession is delivered to donee, a declaration of revocation by the donor is sufficient to revoke the gift.

(2) 'A' makes a gift to 'B' of 'the fruit that may be produced by his Palm tree this year', the gift is valid.

(3) A gift by a Shia Mahommedan to 'A' for life and in the event of the death of 'A' without leaving male issue to 'B', though a contingent gift still it is valid.

(4) Once possession is delivered the gift may be revoked by the decree of the court.

(5) Question not attempted

**85.** निम्न सुमेलित कीजिए :

(A) तलब–इ–ईशाद — (i) सम्पत्ति की प्रतिरक्षा और उपांगों में भागीदार

(B) तलब–इ–मोवासिबत — (ii) पुष्टि माँग

(C) शफी–इ–ज़ार — (iii) तत्काल माँग

(D) शफी–इ–खलीत — (iv) पड़ोसी

निम्न में से कौन सा विकल्प सही है ?

(1) (A)-(i) (B)-(iii) (C)-(ii) (D)-(iv)
(2) (A)-(ii) (B)-(iv) (C)-(i) (D)-(iii)
(3) (A)-(i) (B)-(ii) (C)-(iii) (D)-(iv)
(4) (A)-(ii) (B)-(iii) (C)-(iv) (D)-(i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**86.** निम्नलिखित में से कौन सा विवाह बातिल है ?

(1) एक सुन्नी पुरुष द्वारा किताबिया के साथ विवाह की संविदा
(2) एक सुन्नी पुरुष द्वारा मूर्तिपूजक महिला के साथ विवाह की संविदा
(3) एक शिया पुरुष द्वारा एक किताबिया के साथ विवाह की संविदा
(4) एक शिया पुरुष द्वारा किताबिया के साथ मुता विवाह की संविदा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**87.** निम्नलिखित में से कौन सी प्रसंगति 'मुता' निकाह के अन्तर्गत नहीं आती ?

(1) पुरुष एवं स्त्री के मध्य पारस्परिक दायाधिकार सृजित नहीं होता है ।
(2) जब तक यह अस्तित्व में हो तो गर्भ में आयी संतानें औरस होती हैं ।
(3) विवाह–विच्छेद के अधिकार को मान्यता नहीं है ।
(4) यदि विवाह संसर्गित न हो (पूर्णावस्था को प्राप्त न हो) तो भी स्त्री पूर्ण मेहर की अधिकारिणी होती है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**85.** Match the following :

(A) Talab-i-ishhad — (i) a participator in the immunities and appendages of the property

(B) Talab-i-mowasibat — (ii) confirmatory demand

(C) Shafi-i-jar — (iii) immediate demand

(D) Shafi-i-Khalit — (iv) neighbour

Which option is correct ?

(1) (A)-(i) (B)-(iii) (C)-(ii) (D)-(iv)
(2) (A)-(ii) (B)-(iv) (C)-(i) (D)-(iii)
(3) (A)-(i) (B)-(ii) (C)-(iii) (D)-(iv)
(4) (A)-(ii) (B)-(iii) (C)-(iv) (D)-(i)
(5) Question not attempted

**86.** Which of the following marriages is Batil ?

(1) A Sunni male contracts a marriage with a Kitabia
(2) A Sunni male contracts a marriage with an idolatress
(3) A Shia male contracts a marriage with a Kitabia
(4) A Shia male contracts a muta marriage with a Kitabia
(5) Question not attempted

**87.** Which one of the following is not an incident of a 'muta' marriage ?

(1) It does not create mutual rights of inheritance between the man and woman.
(2) The children conceived while it exists are legitimate.
(3) No right of divorce is recognised.
(4) Even if marriage is not consummated the woman is entitled to full dower.
(5) Question not attempted

88. “यदि कोई पुरुष एक करोड़ रुपये का बंदोबस्त करें और उसमें से गरीबों को दस रुपये प्रदान करें तो उसे तत्काल ही भ्रामक माना जावेगा ।”

निम्न में से किस मामले में (वक्फ संबंधी मामले में) उपरोक्त संप्रेक्षण प्रिवी कौंसिल द्वारा की गई ?

(1) फुल चंद बनाम अकबर यार खान
(2) अब्दुल फता मोहम्मद बनाम रुसमोय धर चौधरी
(3) मुजहुरुल हक बनाम फुराज
(4) (1) व (2) दोनों
(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. निम्न में से कौन सा 'मुशा' का दान का अपवाद नहीं है यद्यपि यह ऐसी सम्पत्ति में अंश है कि वह विभाजन योग्य है ?

(1) जहाँ कि दान एक सह-वारिस से दूसरे सह-वारिस को किया जाता है ।
(2) जबकि यह दान एक टाऊन में फ्रीहोल्ड सम्पत्ति में अंश का दान है ।
(3) जहाँ कि यह दान एक जमींदारी या तालुका में अंश का दान है ।
(4) जहाँ कि यह दान एक भूमि कंपनी में अंश का दान है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) वक्फ वैधता अधिनियम, 1913 7 मार्च, 1913 को प्रवर्तन में आया ।
(2) मुसलमान वक्फ वैधता अधिनियम, 1930 1 जुलाई, 1930 को प्रवर्तन में आया ।
(3) मुसलमान वक्फ वैधता अधिनियम, 1930 के द्वारा वक्फ वैधता अधिनियम, 1913 को भूतलक्षी प्रभाव दिया गया ।
(4) वक्फ वैधता अधिनियम, 1913 में केवल पाँच धाराएँ हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

88. "If a man were to settle a crore of rupees and provide rupee ten for the poor, that would be at once recognised as illusory."

In which of the following case relating to Wakf above observations were made by the Privy Council ?

(1) Phul Chand v. Akbar Yar Khan
(2) Abdul Fata Mahomed v. Russomoy Dhar Choudhary
(3) Muzhurool Huq v. Phuraj
(4) (1) and (2) both
(5) Question not attempted

89. Which one of the following is not an exception to gift of 'Mushaa', though it is a share in a property capable of division ?

(1) Where the gift is made by one co-heir to another co-heir.
(2) Where the gift is of a share in a freehold property in a town.
(3) Where the gift is of a share in a Zamindari or Taluka.
(4) Where the gift is of a share in a land company.
(5) Question not attempted

90. Which one of the following statement is not correct ?

(1) Wakf Validating Act, 1913 came into force on 7th March, 1913.
(2) Mussalman Wakf Validating Act,1930 came into force on 1st July, 1930.
(3) Mussalman Wakf Validating Act, 1930 gave retrospective effect to Wakf Validating Act, 1913.
(4) Wakf Validating Act, 1913 had 5 sections only.
(5) Question not attempted

91. एक सुन्नी मुसलमान अपने पीछे एक पुत्र, एक पिता एवं एक पैतृक पिता के पिता (ग्राण्डफादर) को छोड़कर मरता है । पैतृक ग्रांडफादर को रिक्थदान होगा
(1) अवैध
(2) शून्य
(3) पुत्र एवं पिता की सहमति से वैध
(4) पुत्र एवं पिता की सहमति के बिना, भी वैध होगा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018) में सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 377 आई.पी.सी. का कुछ भाग असंवैधानिक घोषित किया । इसका हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13(2)(ii) पर क्या प्रभाव पड़ा ?
(1) इसने धारा 13(2)(ii) को पूरी तरह समाप्त कर दिया ।
(2) इससे धारा 13(2)(ii) के अन्तर्गत विवाह-विच्छेद असम्भव हो गया ।
(3) विवाह-विच्छेद केवल तभी सम्भव होगा जब धारा 377 के अन्तर्गत दोष सिद्ध हो ।
(4) इसने केवल सहमति-आधारित समलैंगिक कृत्यों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया परन्तु सोडोमी और पशुगमन जैसे आधार धारा 13(2)(ii) में अभी भी वैध है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 से पहले, मिताक्षरा विधि के अन्तर्गत संयुक्त परिवार की सम्पत्ति किस प्रकार न्यागत होती थी ?
(1) न्यायालय द्वारा विभाजन
(2) उत्तराधिकार द्वारा
(3) जीवितता
(4) कर्त्ता की वसीयत से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. यदि मेहर का भुगतान नहीं किया जाता है तो पत्नी और उसकी मृत्यु के बाद उसके वारिस, मेहर के लिए वाद दायर कर सकते है –
(1) एक साल में
(2) दो साल में
(3) तीन साल में
(4) कभी भी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

91. A Sunni Mahommedan dies leaving behind him surviving a son, a father and a paternal grandfather. A bequest to paternal grandfather will be :
(1) Invalid
(2) Void
(3) Valid with the assent of the son and the father
(4) Valid without the assent of the son and the father
(5) Question not attempted

92. In Navtej Singh Johar v. Union of India (2018), the Supreme Court struck down part of Section 377 I.P.C. as unconstitutional. How does this decision affect Section 13(2)(ii) of the Hindu Marriage Act ?
(1) It nullifies Section 13(2)(ii) completely.
(2) It makes divorce under Section 13(2)(ii) impossible.
(3) It allows divorce only if conviction under Section 377 is proved.
(4) It only decriminalises consensual homosexual acts, but grounds like sodomy or bestiality under Section 13(2)(ii) remains valid.
(5) Question not attempted

93. Before the Hindu Succession (Amendment) Act, 2005 joint family property under Mitakshara law devolved by
(1) Partition by court
(2) Succession
(3) Survivorship
(4) Will of Karta
(5) Question not attempted

94. If the dower is not paid, the wife and after her death, her heirs may sue to recover Mahr within :
(1) one year
(2) two years
(3) three years
(4) Any time
(5) Question not attempted

95. प्रत्येक सहदायिक को, चाहे वह अवयस्क ही क्यों न हो, निम्न में से कौन सा अधिकार प्राप्त है ?

(1) सहदायिक सम्पत्ति को हस्तांतरित का अधिकार
(2) सम्पत्ति को बंधक रखने का अधिकार
(3) अपने अंश के बँटवारे का प्रवर्तन का अधिकार
(4) अपने अविभाजित हित को स्वतंत्र रूप से दान रखने का अधिकार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. गीता हरिहरन बनाम भारतीय रिज़र्व बैंक (1999) में सर्वोच्च न्यायालय ने हिन्दू अवयस्कता एवं अभिभावकता अधिनियम की धारा 6 में "उस के बाद" शब्द का अर्थ बताया

(1) केवल पिता की मृत्यु के बाद
(2) जब पिता उपलब्ध न हो या अपने कर्त्तव्यों का पालन करने में अक्षम हो ।
(3) केवल तब जब पिता लिखित सहमति दे ।
(4) केवल माता-पिता के विवाह-विच्छेद के बाद ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत "रूढ़ि" और "प्रथा" पदों से ऐसा कोई नियम अभिप्रेत है जिसे हिन्दुओं में विधि का बल अभिप्राप्त हो गया है :

(1) केवल किसी स्थानीय क्षेत्र, समुदाय या परिवार में
(2) केवल किसी जनजाति, समुदाय, समूह या परिवार में
(3) किसी स्थानीय क्षेत्र, जनजाति, समुदाय, समूह या परिवार में
(4) केवल किसी समुदाय, समूह या परिवार में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. Which of the following is a right of every coparcener, even if minor ?

(1) Right to alienate coparcenary property
(2) Right to mortgage the property
(3) Right to enforce partition of his share
(4) Right to gift his undivided interest freely
(5) Question not attempted

96. In Githa Hariharan v. R.B.I. (1999), the Supreme Court interpreted the term 'after him' in Section 6 of the Hindu Minority and Guardianship Act to mean –

(1) Only after the death of the father.
(2) After the father ceases to be available or is incapable of discharge his duties.
(3) Only after father gives written consent.
(4) Only after divorce between parents.
(5) Question not attempted

97. Under the Hindu Marriage Act, 1955, the expressions "custom" and "usage" signify any rule which has obtained the force of law among Hindus in any :

(1) Local areas, community or family only
(2) Tribe, community, group or family only
(3) Local area, tribe, community, group or family
(4) Community, group or family only
(5) Question not attempted

**98.** हिन्दू विधि के अन्तर्गत सौतेले माता-पिता
(1) प्राकृतिक अभिभावक नहीं माने जाते हैं।
(2) प्राकृतिक अभिभावक माने जाते हैं।
(3) केवल पुत्रियों के लिए प्राकृतिक अभिभावक माने जाते हैं।
(4) केवल वास्तविक माता-पिता की मृत्यु के बाद प्राकृतिक अभिभावक माने जाते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**99.** निम्न में से कौन सा गलत मेलित है ?
